दिनांकः 09.10.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–भारत और ब्रिटेन स्वाभाविक साझेदार–लोकतंत्र, स्वतंत्रता और कानून का शासन दोनों देशों के संबंधों की नींव।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों से राज्य में अधिक से अधिक निवेश करने की अपील की।
- मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सभी विभागों के सचिवों को संवेदनशील होकर आम लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिये।
- निर्वाचन आयोग ने अंता विधानसभा उपचुनाव में एआई आधारित वीडियो के उपयोग पर दिशा–निर्देश जारी किए।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और ब्रिटेन स्वाभाविक साझेदार हैं और लोकतंत्र, स्वतंत्रता और कानून का शासन उनके संबंधों की नींव है। आज मुंबई में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि दोनों देश वैश्विक स्थिरता और आर्थिक प्रगति के प्रति संकल्पबद्ध हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में ब्रिटेन के नौ विश्वविद्यालयों के परिसर जल्द खुलने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

---------------

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने भारत–ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते को ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि शुल्क कम होने से एक–दूसरे के बाजारों तक पहुंच बढ़ेगी और दोनों देशों में विकास बढ़ेगा, जीवन बेहतर होगा और रोजगार उपलबध होंगे। 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण और प्रयासों के लिए श्री मोदी को शुभकामनाएं देते हुए श्री स्टारमर ने कहा कि भारत अपने मिशन को साकार करने के लिए सही राह पर है और ब्रिटेन भी उसकी इस यात्रा में भागीदार बनना चाहेगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि उनकी सरकार महिलाओं को केंद्र में रखकर योजनाएँ चला रही है, ताकि वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकें और राज्य के आर्थिक विकास की सबसे महत्वपूर्ण घटक बनें। आज एक व्यक्तव्य जारी कर मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से प्रदेश की महिलाओं को बड़ी राहत मिली है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना के तहत महिलाओं को साढे चार सौ में गैस सिलेंडर मिल रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में 1 करोड़ 22 लाख महिलाओं को निःशुल्क सैनिटरी नेपकिन वितरित किए गए हैं। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 39 हजार से अधिक स्कूटियों का वितरण हुआ है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों को राज्य के निवेश–अनुकूल वातावरण का लाभ उठाने और अधिक से अधिक निवेश करने की अपील की है। श्री शर्मा ने आज मुख्यमंत्री निवास पर महाराष्ट्र से आए 'राजस्थान प्रकोष्ठ' के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान यह अपील की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान और महाराष्ट्र के बीच सामाजिक एवं आर्थिक एक्सचेंज प्रोग्रामों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में सौर ऊर्जा, खनिज संपदा और पर्याप्त बिजली–पानी मौजूद है। श्री शर्मा ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार निवेशकों को हरसंभव मदद करेगी। इस दौरान उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आगामी 10 दिसम्बर को प्रस्तावित 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' के लिए भी आमंत्रित किया।

000

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि पिछले दस सालों में मंहगाई दर 9 दशमलव 8 से घटकर 1 दशमलव 9 प्रतिशत रह गई है। श्री राठौड़ आज पाली में अपने निवास पर प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने दावा किया कि जीएसटी लागू होने के बाद आमजन को हर चीज में फायदा मिल रहा है और रोजमर्रा की चीजों को सस्ता किया गया है। उन्होंने किसानों से जैविक खेती और ड्रोन का उपयोग करने की अपील की ताकि वे समृद्ध बन सकें।

---------------

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना और दलहन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ करेंगे। नई दिल्ली में आज मीडिया से बात करते हुए कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश गेहूँ और चावल उत्पादन में आत्मनिर्भर है। अब देश दलहन उत्पादन में भी आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का उद्देश्य उत्पादकता बढ़ाना, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना, सिंचाई और भंडारण में सुधार करना है।

000

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सभी विभागों के सचिवों को आमजन से सहजता से मिलने और उनकी समस्याओं का संवेदनशीलता से समाधान करने के निर्देश दिये हैं। श्री पंत आज जयपुर में विभिन्न विभागों के सचिवों की महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कार्यालयों का औचक निरीक्षण करने तथा केंद्र और राज्य की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुँचाने के लिए कहा। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर साफ–सफाई और सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने 'राजस्थान जन विश्वास विधेयक' का प्रारूप शीघ्र तैयार करने और लंबित परिवादों की समीक्षा कर उन्हें जल्द निपटाने के निर्देश दिए।

000

निर्वाचन आयोग ने अंता विधानसभा उपचुनाव सहित अन्य चुनावों को देखते हुए राजनीतिक दलों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–ए.आई. आधारित वीडियो के उपयोग पर सख्त दिशानिर्देश जारी किए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि प्रतिद्वंद्वी दलों को लक्षित करने वाले आर्टिफिशियल या डीपफेक वीडियो का इस्तेमाल आदर्श आचार संहिता के दायरे में ही होना चाहिए। गलत सूचना या भ्रामक वीडियो के प्रसार पर आयोग ने गंभीर चिंता जताई है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कहा है कि अगर कोई प्रचार सामग्री–ए.आई. तकनीक या डिजिटल बदलाव का इस्तेमाल करती है, तो उसे साफ तौर पर "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित" लिखा जाना अनिवार्य है। आयोग ने कहा है कि आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

000

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज नई दिल्ली में तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तीसरे चरण का शुभारंभ किया। साठ दिनों तक चलने वाले इस राष्ट्रीय अभियान का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को तंबाकू के सेवन से बचना है। इस अवसर पर सुश्री पटेल ने कहा कि देश के युवाओं का एक बड़ा हिस्सा तंबाकू की लत से परेशान है। उन्होंने देश को तंबाकू मुक्त बनाने और युवाओं को तंबाकू से बचाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

--------------

कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ने छात्रों को 'तंबाकू को ना कहें' की शपथ भी दिलाई।

000

राज्य में चल रहे 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा टीम ने आज सुबह बड़ी कार्रवाई की। सीएमएचओ द्वितीय की टीम ने जगतपुरा रेलवे फाटक पर एक पिकअप को रोककर लगभग 350 किलो सिंथेटिक पनीर पकड़ा। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने पनीर को मौके पर ही नष्ट करवाया। सीएमएचओ द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि पनीर, पाउडर और पाम ऑयल से तैयार किया गया था और इसे ढाबों तथा दुकानों पर सप्लाई किया जाना था। दीपावली त्यौहार को देखते हुए शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य सामग्री की सघन जाँच की जा रही है।

000

झुंझुनूं में दिवाली की खरीददारी के लिए महिला अधिकारिता विभाग और राजीविका के सहयोग से 10 दिवसीय अमृता हाट ए फैमिली फेयर शुरू हो गया है। जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग और पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने मेले का शुभारंभ किया। राजस्थान सहित पंजाब, गुजरात, और महाराष्ट्र के हाथ से बने उत्पाद मुख्य आकर्षण हैं। यह मेला 18 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें रोजाना शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। जिला कलेक्टर ने बताया कि अमृता हाट के माध्यम से महिलाओं द्वारा संचालित सेल्फ हेल्प ग्रुप का सशक्तिकरण होता है।

----------------

000

स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण और उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मंत्री खर्रा आज भरतपुर के जवाहर नगर में आयोजित शहरी सेवा शिविर में आमजन को 250 आवासीय पट्टे और विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्रों का वितरण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से विशेष छूट दी जा रही है ताकि पात्र व्यक्ति को घर बैठे राहत मिल सके।

000

जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने अजमेर–जयपुर राजमार्ग पर कल हुई दुर्घटना के कारणों की गहराई से जाँच करने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित इस समिति को दुर्घटनास्थल का मौका निरीक्षण करने और संबंधित अभिकरणों से तथ्य एकत्रित करने के निर्देश दिए गए हैं। समिति को रासायनिक पदार्थों के सुरक्षित परिवहन और संभावित आगजनी की रोकथाम के उपायों पर भी ठोस सुझाव देने को कहा है।

000